# सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा

## अप्रैल, 2018

## अंक योजना – हिन्दी (केन्द्रिक) कोड संख्या 2/1, 2/2, 2/3

## (दिल्ली, हरियाणा)

**विशेष निर्देश : माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

**सामान्य निर्देश** – मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए –

1. परीक्षकों के साथ जब तक प्रथम दिन वैयक्तिक अथवा सामूहिक रूप से अंक योजना पर भली–भाँति विचार–विनिमय नहीं हो जाता तब तक मूल्यांकन आरंभ न कराया जाए।
2. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। अंक योजना में दिए गए उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं। यदि परीक्षार्थी ने इनसे भिन्न किंतु उपयुक्त उत्तर दिए हैं, तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ।
3. मूल्यांकन कार्य अपनी निजी व्याख्या के अनुसार न करके, अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।
4. प्रश्न के उपभागों के उत्तरों पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ, बाद में उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए।
5. यदि प्रश्न का कोई उपभाग नहीं है तो उस पर बाईं ओर ही अंक दिए जाएँ।
6. यदि परीक्षार्थी ने किसी, किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जहाँ उत्तर अधिक अच्छा लिखा गया है तो उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें।
7. प्रश्नों के उत्तर यदि बिंदुओं में अपेक्षित हों और परीक्षार्थी अपेक्षा से अधिक बिंदुओं का उल्लेख करे तो सही बिंदु/बिंदुओं पर अंक दें और शेष/अनुपयुक्त बिंदुओं को काट दें।
8. एक ही प्रकार की अशुद्धि पर बार–बार अंक न काटें।
9. निर्धारित शब्द सीमा से विचलन पर अंक न काटे जाएँ।
10. प्रायः यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि परीक्षक सहानुभूति में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 33 प्रतिशत अंक देकर उत्तीर्ण कर देते हैं , या कहीं एक अंक केवल इस आधार पर काट लेते हैं कि पूरे अंक नहीं दिए जा सकते। यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 100 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर–बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 100 अंक भी दिए जा सकते हैं।
11. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि कोई उत्तर पूर्णतः गलत मिलता है तो उस पर गलत (x) चिह्नित कर (0) अंक दिए जाएँ।

**सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा**
**अप्रैल, 2018**
**अंक योजना हिन्दी 'केन्द्रिक'**
**कक्षा – XII**

कूटबंध – **2/1**
**2/2**
**2/3**
**(दिल्ली–हरियाणा)**

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1. | 1. | 2. | 1. | **अपठित गद्यांश** | |
| | क | क | क | • उपयुक्त शीर्षक स्वीकार्य | 1 |
| | ख | ख | ख | • सभी प्राणी किसी न किसी प्रकार से वृक्षों पर आश्रित होते हैं | 2 |
| | ग | ग | ग | • भोजन, आवास, उपयोगी वस्तुएँ प्रदूषण–नियंत्रण एवं पर्यावरण सरंक्षण आदि से | 2 |
| | घ | घ | घ | • धन लाभ, स्वार्थ पूर्ति<br>• आवास और कृषि के विस्तार के लिए | 2 |
| | ङ | ङ | ङ | • जंगलों में ऋषि–मुनियों द्वारा आश्रम बनाकर वनस्पति का सरंक्षण एवं संवर्धन करना<br>• उनके द्वारा समाज को प्रकृति–प्रेम की प्रेरणा देना | 2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | च | च | च | • तात्कालिक लाभ के लिए वन संपदा को नष्ट करना<br>• वनों का अंधाधुंध कटाव<br><br>(विद्यार्थियों द्वारा दिए गए अन्य तर्कसंगत उत्तर भी स्वीकार्य) | 2 |
| | छ | छ | छ | • प्राणियों का आश्रयदाता<br>• भोग्य पदार्थों की प्राप्ति<br>• व्यावसायिक एवं उपयोगी सामग्री<br>• पर्यावरण संरक्षण<br>• प्रदूषण की रोकथाम | 2 |
| | ज | ज | ज | (विद्यार्थियों द्वारा दिए दो उपयुक्त स्लोगन स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| 2 | 2 | 1 | 2 | **अपठित काव्यांश** | 1x5=5 |
| | क | क | क | • पुण्य समाप्त होना, स्वार्थ बढ़ना | ½+½=1 |
| | ख | ख | ख | • पुण्य एवं धर्म–पालन का प्रतीक<br>• लोभ–लालच को नष्ट करना | ½+½=1 |
| | ग | ग | ग | • जहाँ पर वीरता नहीं होती वहाँ किस्मत नहीं जागती | 1 |
| | घ | घ | घ | • जहाँ पर वीर अपना धर्म (तलवार) छोड़ कर कायर बन जाता है | ½+½=1 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | | | | • वीरता के अभाव के कारण | |
| | ङ | ङ | ङ | • जब वीर पुरुष वीरता त्याग कर कायर बन जाते हैं, तब भाग्य दुर्भाग्य बन जाता है। अतः वीर को वीरता धारण करनी चाहिए। | 1 |
| | | | | **खंड 'ख'** | |
| 3 | 3 | 5 | 7 | **अनुच्छेद लेखन**<br>• आरंभ एवं समापन – 2<br>• विषय वस्तु – 2<br>• भाषा – 1 | 5 |
| 4 | 4 | 3 | 5 | **पत्र लेखन**<br>• आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ –1<br>• विषय–वस्तु –3<br>• भाषा –1 | 5 |
| 5 | 5 | 4 | 6 | **अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित प्रश्न–** | 1x5=5 |
| | क | क | क | • किसी समाचार संगठन के लिए किए गए काम के अनुसार निश्चित मानदेय पर काम करना | 1 |
| | ख | ख | ख | • 1936 में सूचना के प्रचार और प्रसार/मनोरंजन हेतु | 1 |
| | ग | ग | ग | • संपादकीय नीति को तय करना | ½+½=1 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | | | | • समाचारों की अशुद्धियों को दूर करना<br>• संपादकीय डेस्क के काम का बँटवारा और निरीक्षण करना<br>• समाचार संगठन में द्वारपाल की भूमिका निभाना<br>(किन्हीं दो का उल्लेख अपेक्षित) | |
| | घ | घ | घ | • घटनास्थल से ताजा सूचनाएँ फोन से रिपोर्टर द्वारा एंकर को भेजना फिर उस सूचना को दर्शकों तक पहुँचाना | 1 |
| | ङ | ङ | ङ | • व्यावसायिक लाभ के उद्देश्य से सनसनीखेज और भ्रामक खबरों को प्रकाशित करना | 1 |
| 6 | 6 | 7 | 3 | **आलेख लेखन**<br>• विषय वस्तु – 2<br>• प्रस्तुतीकरण – 2<br>• भाषा – 1<br>अथवा<br>**फिल्म समीक्षा**<br>• कथावस्तु – 2<br>• समीक्षा – 2<br>• भाषा – 1 | 5 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| 7 | 7 | 6 | 4 | **फीचर लेखन**<br>• विषयवस्तु – 2<br>• प्रस्तुतीकरण – 2<br>• भाषा – 1<br><br>**खंड 'ग'** | 5 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | **काव्यांश पर आधारित चार प्रश्नों के उत्तर–** | 2x4=8 |
| | क | क | क | • खरगोश की लाल आँखों से<br>• रंग, प्रसन्नता और चमक के कारण | 2 |
| | ख | ख | ख | • शरद का बालक के रूप में; उमंग और किलकारियों से परिपूर्ण<br>• बच्चे मानो नई–नई साइकिलों पर सवार घंटियाँ बजाते खेल रहे हों | 2 |
| | ग | ग | ग | • खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा<br>• शरद ऋतु का पुलों को पार करते हुए आना<br>• नयी चमकीली साइकिल जैसे शरद के दिन<br>• जोर–जोर से घंटी बजाना<br>• चमकीले इशारे से बुलाना<br><br>(कोई भी दो बिंदु अपेक्षित) | 2<br><br>2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | घ | घ | घ | • वर्षा की समाप्ति<br>• साफ आसमान, चमकीली धूप<br>• बच्चों की विभिन्न क्रीड़ाएँ<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | अथवा<br>क | अथवा<br>क | अथवा<br>क | • क्षण विशेष में उत्पन्न कविता का आनंद अनंत काल तक लिया जा सकता है | 2 |
| | ख | ख | ख | • कविता को<br>• कविता में निहित सौंदर्य, रस, भाव न तो कभी कम होते हैं न नष्ट होते हैं, वे अनंत काल तक अक्षुण्ण रहते हैं | 2 |
| | ग | ग | ग | • कागज के छोटे चौकोर पन्ने से<br>• जिस प्रकार किसान खेत में बीज बोते हैं और फसलें उगती हैं उसी प्रकार कागज के पन्ने पर कवि के विचार कविता के रूप में जन्म लेते हैं | 2 |
| | घ | घ | घ | • कविता में काव्य के आनंद के रूप में रस की उत्पत्ति<br>• खेतों में जीवनदायी फसलों की उत्पत्ति | 2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| 9 | 9 | 10 | 9 | **काव्यांश पर आधारित तीन प्रश्नों के उत्तर–** | 3x2=6 |
| | क | क | क | • जिस प्रकार पंख के बिना पक्षी लाचार होता है, मणि के बिना सर्प और सूंड के बिना हाथी की स्थिति अत्यंत दीन–हीन होती है, उसी प्रकार तुम्हारे बिना मेरा जीवन भी जड़ हो गया है<br>• इन पंक्तियों में भ्रातृत्व प्रेम | 2 |
| | ख | ख | ख | • अवधी भाषा<br>• कोमल, सरस, भावपूर्ण<br>• भावानुकूल भाषा<br>• आलंकारिक भाषा<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | ग | ग | ग | • अनुप्रास अलंकार (कविवर कर, जौं जड़)<br>• उदाहरण अलंकार (जथा पंख–––) | 2 |
| 10 | 10 | 9 | 14 | **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित–** | 3x2=6 |
| | क | क | क | • बादल क्रांति के प्रतीक हैं। जिस प्रकार क्रांति होने पर सर्वहारा वर्ग के जीवन में खुशियों का संचार और शोषक वर्ग का दमन होता है, उसी प्रकार वर्षा होने पर धरती में दबे बीजों का अंकुरण होता है, वे फलते–फूलते हैं। कृषक और बीज अधीरता से बादलों की प्रतीक्षा करते हैं | 3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | ख | ख | ख | • प्रेम का अतिरेक कवि से सहा नहीं जाता और वह अपने आप को प्रेम की अधिकता के कारण कमजोर महसूस करता है<br>• जिससे जीवन के सभी सुख–दुःख, संघर्ष–अवसाद को स्वीकारने की प्रेरणा मिली उसे कवि सहर्ष स्वीकारता है। लेकिन कवि मोह से मुक्त होकर बृहत्तर विश्व के लिए कुछ करना चाहता है इसलिए स्मृतियों का रमणीय उजेला सहा नहीं जाता | 3 |
| | ग | ग | ग | • चिड़िया के ममत्व से झलकती प्रकृति की वत्सलता<br>• अपने किसी प्रियजन के न होने से उदास कवि | 3 |
| 11 | 11 | 12 | 10 | **गद्यांश पर आधारित चार प्रश्नों के उत्तर–** | 2x4=8 |
| | क | क | क | • कालिदास महान व अनासक्त थे<br>• आंतरिक सौंदर्य को महत्व | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • दोनों ही कालिदास की तरह प्रकृति प्रेमी<br>• दोनों ही बाह्य सौंदर्य के प्रति अनासक्त, आत्मिक एवं आंतरिक सौंदर्य को महत्व देने वाले | 1+1=2 |
| | ग | ग | ग | • यह जीवन का अंत नहीं है<br>• परिवर्तन निरंतर होता रहता है | 1+1=2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | | | | • अंत पुनः आरंभ का संकेत है<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | |
| 12 | घ | घ | घ | • भव्य या विशाल मुख्य द्वार आपकी प्रगति का अंतिम पड़ाव नहीं है। इसके बाद भी अनेक लक्ष्य हैं, जीवन है | 2 |
| | 12 | 11 | 11 | **किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित–** | 3x4=12 |
| | क | क | क | • अंधविश्वास के कारण पानी फेंकने को उसकी बर्बादी मानना<br>• किसी भी चीज की प्राप्ति के लिए उसका दान/त्याग आवश्यक | 1½+1½=3 |
| | ख | ख | ख | • आवश्यकतानुसार वस्तुओं का ही क्रय करें<br>• कपट को बढ़ावा देने वाली खरीददारी से बचें<br>• देश की अर्थव्यवस्था के लिए मांग और पूर्ति में तालमेल के लिए जिम्मेवार उपभोक्ता बनने की प्रेरणा<br>(विद्यार्थियों द्वारा दिए गए भगत जी तथा अन्य उदाहरण भी स्वीकार्य) | 1+1+1+3 |
| | ग | ग | ग | • भौगोलिक सीमाओं का विभाजन होने पर भी भावनाओं का विभाजन नहीं होता<br>• सिख बीबी द्वारा भारत आने पर भी अपने वतन को न भूलना | 1+1+1=3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | | | | • विस्थापित होने पर कस्टम अधिकारियों द्वारा अपने–अपने वतन को याद करना<br>• लेखिका द्वारा भाई के विरोध करने पर भी सिख बीबी के लिए नमक लाना<br>• दोनों तरफ के कस्टम अधिकारियों द्वारा सफिया का सहयोग करना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | |
| | घ | घ | घ | विद्यार्थियों के उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य | 3 |
| | ड. | ड. | ड. | • सेवा भाव के कारण<br>• अनपढ़ होने के बावजूद लेखिका को उनकी इच्छित पुस्तक लाकर देना<br>• लेखिका के कार्यरत रहने पर कोई सहायता न कर पाने की स्थिति में भी देहरी पर बैठकर काम बताने का निरंतर आग्रह<br>(विद्यार्थियों द्वारा दिए गए अन्य उदाहरण भी स्वीकार्य) | 3 |
| 13 | 13 | 14 | 12 | • तत्कालीन समाज में नारी को पर्याप्त सम्मान न मिलना<br>• स्त्री को सिर्फ बच्चे पैदा करने की मशीन समझना<br>• बच्चे को जन्म देने के समय का कष्ट युद्ध में लड़ने वाले सैनिक से कम नहीं | 5 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | | | | • अपने अधिकारों के प्रति जब तक स्त्री स्वयं जागरूक नहीं होगी उसे सम्मान नहीं मिलेगा<br>• आधुनिक समाज में पुरुष के बराबर ही स्त्री की भी भूमिका<br><br>(विद्यार्थियों द्वारा दिए गए तर्कसंगत उत्तर भी स्वीकार्य) | |
| 14 | 14 क | 13 क | 13 क | • संघर्ष की प्रेरणा, विषम परिस्थितियों में भी संघर्षरत रहना<br>• विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, हिम्मत और सहनशीलता बनाए रखना<br>• माँ और दत्ताजी राव की सहायता से पिता को सही राह दिखाना<br>• पढ़ने की तीव्र लालसा<br>• संघर्ष के माध्यम से सबका प्रिय बनना<br>• शिष्य एवं शिक्षक के बीच आत्मीय संबंध<br>• शिक्षक द्वारा कविता लिखने की प्रेरणा<br><br>(विद्यार्थियों द्वारा दिए गए अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | 5 |
| | ख | ख | ख | • 'अतीत में दबे पाँव' शीर्षक संक्षिप्त एवं आकर्षक है साथ ही पाठ के केंद्रीय भाव पर आधारित है | 5 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | | | | • विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता के पुरावशेषों की एक भावात्मक यात्रा द्वारा लेखक हमें इतिहासबोध से जोड़ता है<br>• सिंधु घाटी सभ्यता की विशेषताओं को सामजिक विकास के नजरिए से प्रस्तुत किया गया है | |